**<u>हिंदी साहित्य परिषद, हिंदी विभाग</u>**

**<u>2023-24</u>**

हिंदी साहित्य परिषद हिंदी विभाग का एक प्रकोष्ठ है |हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी साहित्य परिषद ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा और साहित्यिक अभिरुचि को विकसित करने के लिए कई कार्यक्रम किये |जिनमे प्रमुख हिन्दी रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता ,आशु भाषण प्रतियोगिता ,स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता ,साहित्यिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि |हिंदी साहित्य परिषद् और कॉलेज की राजभाषा समिति के साथ मिल कर हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमे शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए भी हिंदी भाषा से सम्बंधित कार्यक्रम आयोजित किये गए | सभी गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट निम्नांकित है

# 1.हिन्दी सप्ताह

राम लाल आनंद महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग, हिंदी साहित्य परिषद और राजभाषा समिति के संयुक्त तत्वावधान से हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी सप्ताह (12 सितम्बर - 16 सितम्बर 2023) आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताएं और व्याख्यान आयोजित किए गये |
जिसका विवरण निम्नलिखित है -

हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक **12 सितम्बर को विद्यार्थियों के लिए अंत: महाविद्यालय रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन** किया गया जिसमे महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया | प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 10 विषय की सूची दी गई जिसमे से किसी एक विषय पर प्रतिभागी को अपनी रचना लिखनी थी | महाविद्यालय के सेमीनार कक्ष में अपराह्न 1 बजे प्रतियोगिता शुरू हुई और प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया | इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ ऐनी रे और डॉ रीना थे|
इस प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम हैं –

पहला स्थान - अम्बालिका शर्मा ( बी ए आनर्स अंग्रेजी)
दूसरा स्थान – सृष्टि सिंह( बी ए ऑनर्स राजनीतिक विज्ञान)
तीसरा स्थान - लक्ष्य (बी ए हिंदी ऑनर्स)
तीसरा स्थान - विकास कुमार गुप्ता (बी ए प्रोग्राम)





हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक **13 सितम्बर को महाविद्यालय के प्रशासनिक विभाग के लिए हिन्दी दक्षता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया जिसमे 18 प्रशासनिक अधिकारियों /कर्मचारियों ने भाग लिया ।

महाविद्यालय के सेमीनार कक्ष में अपराह्न 1 बजे प्रतियोगिता शुरू हुई | इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ रौशन कुमार मीना और डॉ ऐनी रे सम्मिलित थे।
इस प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम हैं

पहला स्थान -श्रीमती चंचल बत्रा
दूसरा स्थान - श्री सुमित लाकड़ा
तीसरा स्थान - श्रीमती सुनीता शर्मा









हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक **14 सितम्बर को विद्यार्थियों के लिए आशुभाषण प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया
जिसमे महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया | महाविद्यालय के सेमीनार कक्ष में अपराह्न 1 बजे प्रतियोगिता शुरू हुई और प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया | इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. मानवेश नाथ दास और डॉ. सुनयना शर्मा थे |
इस प्रतियोगिता विजेताओ के नाम इस प्रकार हैं-
पहला पुरस्कार - राम कुमार पाण्डेय (बीए ऑनर्स हिंदी तृतीय वर्ष)
दूसरा पुरस्कार -मनस्वी बांगड़ (बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान तृतीय वर्ष)
तीसरा पुरस्कार- अभिषेक सुमन ( बी ए प्रोग्राम द्वितीय वर्ष)
तीसरा पुरस्कार - अंकुश बी एस सी (माइक्रोबायोलॉजी द्वितीय वर्ष)
हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक **15 सितंबर को महाविद्यालय के सभी शिक्षकों के लिए हिंदी रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया एवं प्रतियोगिता में सभी विभागों से 45 प्रवक्ताओं ने भाग लिया ।
प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को दिए गये विषय में से किसी एक विषय पर अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करनी थी | इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ ऐनी रे, डॉ रीना और प्रो श्रुति आनंद थे। इस प्रतियोगिता में विजयी रहे शिक्षकों के नाम हैं
पहला स्थान - प्रो राकेश कुमार ( इतिहास विभाग )
पहला स्थान - डॉ मीनाक्षी ब्रम्हा ( अंग्रेज़ी विभाग )
दूसरा स्थान - डॉ रितु वत्स( कॉमर्स विभाग)
दूसरा स्थान - डॉ सुनयना ( अर्थशास्त्र विभाग)
तीसरा स्थान - डॉ वसंत मिश्रा ( गणित विभाग)
तीसरा स्थान - डॉ सुधा चौधरी ( माइक्रोबायोलॉजी विभाग )
इस प्रतियोगिता के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ-साथ हिन्दी के सुप्रसिद्ध लेखकों की पुस्तके भेंट स्वरूप प्रदान की गईं।



हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत **दिनांक 16 सितम्बर को विशेषज्ञ वक्ता डॉ विजय कुमार मल्होत्रा द्वारा 'राजभाषा, राष्ट्रभाषा एवं भारतीयता' विषय पर व्याख्यान** का आयोजन किया गया। रामलाल आनंद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत भाषण दिया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ विजय कुमार मल्होत्रा ने रेल मंत्रालय मे राजभाषा अधिकारी के रूप मे अपने लंबे कार्यकारी अनुभव के आधार हिन्दी भाषा की ऐतिहासिक यात्रा, वर्तमान स्थिति एवं एक प्रमुख जनसंपर्क भाषा के रूप मे हिन्दी की दशा पर अपने विचार साझा किए। व्याख्यान के अंत मे अतिथि वक्ता ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाएं भी शांत की | इसी कार्यक्रम के दौरान हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत हुई सभी प्रतियोगिताओं के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये | कार्यक्रम के दौरान हिन्दी विभाग की प्रभारी प्रो. अर्चना गौड़, हिन्दी साहित्य परिषद की संयोजिका प्रो. श्रुति आनंद के साथ हिन्दी विभाग के अन्य शिक्षक सदस्य प्रो संजय शर्मा, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ मानवेशनाथ दास,डॉ राजेश कुमार, डॉ रौशन, डॉ ऐनी, डॉ साधना, डॉ रीना भी उपस्थित रहे |










**2. एफ डी पी-हिन्दी की मौखिक और लोक साहित्य परंपरा 19 सितंबर-25 सितंबर**

https://drive.google.com/drive/folders/1ePE5b2QynEnxyvRLmotMhVEj7NFu8lVL

**3.अल्यूमनाई लेक्चर सीरीज 17 अक्तूबर 2023**

https://drive.google.com/drive/folders/1eO9eVvrS1A3H9mODPqi151A1Oxu1aLFw

**4.अध्ययन सामग्री दान अभियान**

**रामलाल आनंद महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय हिन्दी साहित्य परिषद् हिन्दी विभाग द्वारा अध्ययन सामग्री दान अभियान चलाया गया जिसमे महाविद्यालय के विद्यार्थियों से उनके नए व पुराने पेन, पेंसिल, रबर, कटर, कॉपी, किताब, पानी को बोतल, स्कूल बैग आदि वस्तुएं एकत्रित की गई ।**

**एकत्र की गई अध्ययन सामग्री को वितरण करने हेतु महाविद्यालय के निकट स्थित झुग्गी बस्ती जे. जे. कॉलोनी को चुना गया । 05 फरवरी 2024 को हिन्दी साहित्य परिषद् के सभी पदाधिकारी और सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के 5 स्वयंसेवकों के साथ इस सामग्री को वितरण करने गए ।**

जे. जे. कॉलोनी के सभी जरूरतमंद और स्वयं से खरीद पाने में अक्षम विद्यार्थियों को वहां उनकी आवश्यकता अनुसार उन्हें अध्ययन सामग्री प्रदान की गई । अध्ययन सामग्री के साथ - साथ छोटे बच्चों के लिए पैकेट बंद खाना (चिप्स, चॉकलेट आदि) भी प्रदान किया गया । इस अभियान की डॉक्यूमेंट्री बनाने के लिए रामलाल आनंद महाविद्यालय हिन्दी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी भी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे जिन्होंने इस पूरे कार्यक्रम को अपने कैमरे से रिकॉर्ड किया और आसपास के लोगों से बात करके उनका फीडबैक भी जाना और साथ ही लाभार्थियों से भी बात की ।

अध्ययन सामग्री वितरण के दौरान हिन्दी साहित्य परिषद् की संयोजिका प्रो श्रुति आनंद और मिस साधना अग्निहोत्री उपस्थित रही ।अध्ययन सामग्री




DISPENSARY
MOTI BAGH, NEW DELHI


GPS Map Camera
New Delhi, Delhi, India
HALL, RAM LAL ANAND COLLEGE, 5 BENITO JUAREZ MARG, South Campus, South Moti Bagh, New Delhi, Delhi 110021, India
Lat 28.578387°
Long 77.160591°
05/02/24 03:36 PM GMT +05:30
Google

दान


GPS Map Camera
New Delhi, Delhi, India
HALL, RAM LAL ANAND COLLEGE, 5 BENITO JUAREZ MARG, South Campus, South Moti Bagh, New Delhi, Delhi 110021, India
Lat 28.578387°
Long 77.160591°
05/02/24 03:37 PM GMT +05:30
Google

अ


रामलाल आनंद महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय
हिन्दी साहित्य परिषद
2023 - 24
अध्ययन सामग्री दान अभियान
30 जनवरी 2024
फ्रंट लॉन
10 से 2 बजे तक
-: फीडबैक फॉर्म :-
अध्ययन से संबंधित स्वीकार्य वस्तुयें
पुरानी पुस्तकें (कहानियाँ), पानी की बोतल, स्कूल बैग, ज्योमेट्री बॉक्स, पुराने पेन, पेंसिल, रबड़, शॉपनर, हाईलाईटर, पाउच आदि ।
नोट :- आपके द्वारा दी गई वस्तुएं उपयोगी और सार्थक होनी चाहिए।
राम कुमार पाण्डेय अध्यक्ष
प्रो. अर्चना गौड़ प्रभारी
प्रो. श्रुति आनंद संयोजिका
प्रो. राकेश कुमार गुप्ता (प्राचार्य)

**भियान**


GPS Map Camera
New Delhi, Delhi, India
HALL, RAM LAL ANAND COLLEGE, 5 BENITO JUAREZ MARG, South Campus, South Moti Bagh, New Delhi, Delhi 110021, India
Lat 28.578387°
Long 77.160591°
05/02/24 03:21 PM GMT +05:30
Google




**<u>5.स्वच्छता अभियान</u>**

**रामलाल आनंद महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय हिन्दी साहित्य परिषद् हिन्दी विभाग द्वारा 05 फरवरी 2024 को 12 से 1 की समयावधि में महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमे हिन्दी विभाग के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण में व कैफेटेरिया, गार्डन, लॉन आदि जगहों पर सफाई की । सभी विद्यार्थियों ने इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और महाविद्यालय में सभी जगह पर सफाई की । सफाई करने के लिए सभी विद्यार्थियों को हाथों के दस्ताने और कूड़ा उठाने व एकत्रित करने के लिए पॉलीबैग उपलब्ध कराये गए । कार्यक्रम के दौरान हिन्दी साहित्य परिषद् की संयोजिका प्रो. श्रुति आनंद और हिन्दी साहित्य**

परिषद् के सभी पदाधिकरी उपस्थित रहे।







**6.स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता**

**12 अप्रैल 2024**

**रामलाल आनंद महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय हिन्दी साहित्य परिषद् हिन्दी विभाग द्वारा 12 अप्रैल 2024 को 11 से 12 बजे की समयावधि में महाविद्यालय में स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की जिसमे हिन्दी विभाग के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के अतिरिक्त कॉलेज के कई विभागों के विद्यार्थीयों ने भाग लिया। काव्य पाठ के विषय स्त्रीसम्मान, स्त्री सुरक्षा, देशभक्ति, भ्रष्टाचार,**

राजनीतिकभ्रष्टाचार, पिता,मातृत्वसेलेकरकिसानआंदोलनतक थे। इस प्रतियोगिता में  विजयीरहे


हिन्दी साहित्य परिषद
वार्षिक- उत्सव
2023-24
विजेताओं का विवरण
13/04/2024
स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता 12/04/24 पुरस्कार राशि
प्रथम पुरस्कार - कुँचित श्रीवास्तव - रु 1000/-
2. द्वितीय पुरस्कार - आम्रपाली - रु 750/-
3. रॉबिन शर्मा - तृतीय पुरस्कार - रु 500/-
4. प्रोत्साहन पुरस्कार - रॉबिन शर्मा - रु 300/-

साहित्यिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 12/04/2024
1. प्रथम पुरस्कार - सोनी विश्वकर्मा - रु 1000/-
2. द्वितीय पुरस्कार - संतोष - रु 750/-
3. तृतीय पुरस्कार - राजन - रु 500/-

सभी विजेताओं के खाता विवरण संलग्न हैं।

छात्रोंकेनाम हैं।


। कार्यक्रम के दौरान हिन्दी साहित्य परिषद् की संयोजिका प्रो. श्रुति आनंद ,प्रो संजय कुमार  ,प्रो  सुभाष चंद्र  डबास  ,डॉ ऐनी  रे डॉ  राजेश, डॉ मानवेश  डॉ  रोशन  उपस्थित थे और निर्णायक मंडल के सदस्य थे डॉ सुरेंद्र, डॉ सीमा भारती एवं डॉ कीर्ति पुनिया ।  प्रतियोगिता  में  भाग लेने वाले छात्रों की संख्या थी 25 और लगभग 50 श्रोताओं ने इस  काव्य पाठ का आनंद लिया।हिन्दी साहित्य परिषद् के सभी पदाधिकरी  भी




उपस्थित रहे ।









**<u>7.साहित्यिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता</u>**

**<u>12 अप्रैल 2024</u>**

**रामलाल आनंद महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय हिन्दी साहित्य परिषद् हिन्दी विभाग द्वारा 12 अप्रैल 2024 को 11 से 12 बजे की समयावधि में महाविद्यालय में साहित्यिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जिसमे हिन्दी विभाग के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के अतिरिक्त कॉलेज के कई विभागों के विद्यार्थीयों ने भाग लिया। भाषा, साहित्य और व्याकरण विषय**

**परआधारित इस प्रतियोगिता में विजयीरहे छात्रोंकेनाम हैं**



हिन्दी साहित्य परिषद
वार्षिक- उत्सव
2023-24
विजेताओं का विवरण
13/04/2024

स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता 12/04/24 पुरस्कार राशि

1. प्रथम पुरस्कार - कुँचित श्रीवास्तव - रु 1000/-
2. द्वितीय पुरस्कार - ज्ञान भर्ती - रु 750/-
3. रॉबिन शर्मा - तृतीय पुरस्कार - रु 500/-
4. प्रोत्साहन पुरस्कार - रॉबिन शर्मा - रु 300/-

2. साहित्यिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 12/04/2024
1. प्रथम पुरस्कार - सोनी विश्वकर्मा रु 1000/-
2. द्वितीय पुरस्कार - संतोष रु 750/-
3. तृतीय पुरस्कार - राजन रु 500/-

**प्रतियोगिता में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।**









**8. वार्षिकोत्सव साहित्य सागर**

**15 अप्रैल 2024**

**दिनाँक 15 अप्रैल 2024 को हिन्दी साहित्य परिषद का वार्षिकोत्सव साहित्य सागर आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे पद्मश्री डॉ श्याम सिंह शशि । डॉ श्याम सिंह शशि ने " जनजातीय विमर्श, रोमां संस्कृति और हिन्दी साहित्य "विषय पर व्याख्यान दिया ।इस अवसर पर सम सेमेस्टर में आयोजित साहित्यिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,स्वरचित काव्य -पाठ प्रतियोगिता स्वच्छता अभियान ,अध्ययन सामग्री दान अभियान के सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रमाणपत्र आबंटित किए गए । हिन्दी साहित्य परिषद 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी । पद्म श्री डॉ श्याम सिंह शशि पर बनी परिचयात्मक फिल्म इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण थी इस फिल्म को बनाने में सहयोग था डॉ प्रदीप बी जे एम् सी विभाग और उनके सहयोगी छात्रों का और संकल्पना थी हिंदी विभाग की साहित्य परिषद् की । इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो राकेश कुमार गुप्ता, संयोजक प्रो श्रुति आनंद, प्रभारी प्रो अर्चना गौड़ एवं विभाग के सभी सदस्य उपस्थित थे । कार्यक्रम की पूर्ण परिकल्पना एवं संयोजन का श्री जाता है इस वर्ष की हिंदी साहित्य परिषद् के सदस्यों को ।**


एंफीथिएटर
प्रभारी
(प्राचार्य)




15 अप्रैल 2024





मुझे यह घोषित करते हुए बहुत ही गर्व और संतोष का अनुभव होरहा है कि  सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही निष्ठा , परस्पर सहयोग और कुशल व्यवस्था से  सभी कार्यक्रमों की परिकल्पना से लेकर ,योजना और संयोजन तक के सभी कार्य स्वयं किए |मैं हिंदी साहित्य परिषद् की छात्र कार्यकारिणी अध्यक्ष – श्री राम कुमार पाण्डेय ,उपाध्यक्ष श्री रिषभ राय ,सचिव तरुण कुमार ,उप सचिव साहिल दुबे कार्यकारिणी सदस्य -शीतल,अनुप्रिया चौहान ,छवि,सुमित कुमार आशीष कुमार स्वाति तिवारी ,अंजुल कुमार  साक्षी को पूरे सत्र के सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए बहुत बहुत बधाई और आशीर्वाद देती हूँ |

हिंदी साहित्य परिषद् की संयोजक होने के नाते मैं अपने विभाग की प्रभारी प्रो अर्चना गौर वरिष्ठ विभागीय सहयोगी प्रो नीलम ऋषिकल्प,प्रो सुभाष चन्द्र दबास ,प्रो राकेश कुमार ,प्रो संजय कुमार शर्मा ,अपने प्रिय साथियों साथियों डॉ ऐनी रे ,डॉ रीना ,डॉ साधना ,डॉ राजेश कुमार ,डॉ मानवेश नाथ दास ,डॉ सुरेन्द्र एवं डॉ रौशन कुमार मीना को धन्यवाद करती हूँ जिनकी उपस्थिति ,सहयोग और मार्गदर्शन से २०२३-24 की कार्य योजना का कुशल निर्वहन हो पाया |इस रिपोर्ट में दो तीन विशेष उल्लेख भी हैं एक तो हिंदी से इतर विभागों के साथी डॉ कीर्ति पुनिया ,डॉ जतिन एवं डॉ सीमा भारती जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णयको की भूमिका में सहयोग दिया दुसरे  डॉ प्रदीप  और उनकी टीम जिन्होंने हमारे आऊट रीच कार्यक्रम और ,  आज के कार्यक्रम के अतिथि पद्मश्री डॉ श्याम सिंह शशि पर बहुत ही उत्कृष्ट प् डॉक्यूमेंट्री तैयार की, मैं आप सभी के प्रति अआभर प्रकट करती हूँ |इन सबके अतिरिक्त और इनके साथ बहुत महत्वपूर्ण योगदान है हमारे कॉलेज के प्राचार्य प्रो राकेश कुमार गुप्ता का जिन्होंने हमारे सभी कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन प्रेरणा और संरक्षण दिया ,कॉलेज  के प्रशासनिक विभाग और सहायक नीरज जी का धन्यवाद |

**प्रो श्रुति आनंद**

**संयोजक**

**हिन्दी साहित्य परिषद**

**2023-24**